Dainik Bhaskar **Date: 01.02.2020**

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय का 'विर्निमह-2020' फैशन शो संपन्न

इंदौर | श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी द्वारा 29 जनवरी को 'विर्निमह-2020' फैशन शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विरेन्द्र गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपक वूलन्स लि. थे। टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. आर. के. दत्ता ने कहा 'विर्निमह-2020' में विभिन्न संस्थानों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस फैशन शो में 10 से अधिक थीम थी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उपिन्दर धर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजिका योगिता अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। फैशन शो में विभिन्न पुरस्कार दिये गये जिनमें मिस्टर विर्निमाह- परमीत, मिस विर्निमाह- सौम्या जायसवास, बेस्ड ड्रेसअप (मेल)- प्रतीक पटेल, बेस्ड ड्रेसअप (फीमेल)- खुशी, बेस्ड वॉक (मेल)- गौरव, बेस्ड वॉक (फीमेल)- हसमीत कौर, बेस्ड डिजाइनर- मधुरिमा। इस अवसर अमिताभ सिंह चौहान, सीमा मिश्रा एवं हरीश शर्मा निर्णायक के रूप में सम्मिलित हुए। इस फैशन शो में विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. फैशन डिजाइन के प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर अपने डिज़ाइन किये हुये ड्रेसेस पहनकर रैम्प वॉक किया।

Dainik Chaitanya Lok **Date: 31.01.2020**

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में 'विर्निमह-2020' फैशन शो का आयोजन

चैतन्य लोक » इंदौर
dainikchaitanyalok.com

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी द्वारा 29 जनवरी को 'विर्निमह-2020' फैशन शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विरेन्द्र गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपक वूलन्स लि. थे।

श्री वैष्णव इंस्टीट्युट ऑफ टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. आर.के. दत्ता ने विर्निमह-2020 का परिचय देते हुए कहा कि 'विर्निमह-2020' में विभिन्न संस्थानों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस फैशन शो में 10 से अधिक थीम थी जैसे- विवाह, बंजारा, खादी, अघोरी साधु, जोकर, रिट्रो आदि। यह फैशन शो फैषन विषेषज्ञ बनने और अपनी कलात्मकता दिखाने के लिए एक मंच है, उन्होंने बताया कि किस तरह सही फैशन सेन्स के साथ कपड़े का टुकड़ा एक अच्छी पोशाक बन जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उपिन्दर धर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक वूलन्स प्रायवेट लिमिटेड, देवास के मैनेजिंग डायरेक्टर विरेन्द्र गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि फैशन व्यक्ति को अच्छा महसूस करने और व्यक्तित्व दर्शाने में सहायक होता है। भारतीय कपड़ा उद्योग इन दिनों तेजी से बढ़ रहा है, जो कि आगामी फैशन एक्सपर्ट और प्रोफेशनल्स के लिए यह अच्छा अवसर है। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती योगिता अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इस फैशन शो में विभिन्न पुरस्कार दिये गये जिनमें:- मिस्टर विर्निमाह-मिस्टर परमीत, मिस विर्निमाह-मिस सौम्या जायसवास, बेस्ड ड्रेसअप (मेल)-मिस्टर प्रतीक पटेल, बेस्ड ड्रेसअप (फीमेल)-मिस खुशी, बेस्ड वॉक (मेल)-मिस्टर गौरव, बेस्ड वॉक (फीमेल)-मिस हसमीत कौर, बेस्ड डिजाईनर-मिसेस मधुरिमा। इस अवसर अमिताभ सिंह चौहान, श्रीमती सीमा मिश्रा एवं हरीश शर्मा निर्णायक के रूप में सम्मिलित हुए। इस फैशन शो में विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. फैशन डिजाइन के प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर अपने डिजाईन किए हुए ड्रेसेस पहनकर रैम्प वॉक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डीजे नाइट का भी आनंद लिया।

पत्रिका PLUS
Date: 30.01.2020

जोकर, बंजारा और बिलेनियर के लुक में रैम्प पर उतरे पार्टिसिपेंट्स

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में फैशन शो

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ◆ फैशन के कई अद्भुत रंग बुधवार को श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में वैष्णव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित विनिमार्ण-2020 फैशन शो में देखने को मिले। शो में 12 राउंड हुए जिनमें 112 पार्टिसिपेंट्स ने रैम्प पर अलग-अलग थीम पर गारमेंट्स प्रजेंट किए। शो में ट्रेडिशनल, बिलेनियर, रेट्रो, ब्राइडल, बंजारा, जोकर, अघोरी जैसी थीम के साथ अपने गारमेंट्स को शोकेस किया। इसमें बीएससी फैशन डिजाइनिंग के स्टूडेंट्स ने मिक्स थीम पर अपना कलेक्शन प्रजेंट किया। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि इसमें स्टूडेंट्स अपने बनाए गारमेंट्स को पहनकर रैम्प पर आए। खादी को प्रमोट करने के उद्देश्य से खादी-व्हाइट एंड गोल्डन थीम पर भी एक टीम ने अपना कलेक्शन प्रजेंट किया। इसके अलावा शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न जैसे कई तरह के डिजाइंस देखने को मिले। मुख्य अतिथि के रूप में दीपक वुलन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेंद्र गोयल उपस्थित थे। उन्होंने कहा, फैशन सिर्फ गारमेंट्स तक ही सीमित नहीं है। फैशन के जरिए आपके संपूर्ण व्यक्तित्व की झलक मिलती है। शो में वैष्णव विद्यापीठ के वाइस चांसलर डॉ. उपिंदर धर, एसवीआइटीटी के डायरेक्टर डॉ. आरके दत्ता और वैष्णव विद्यापीठ के चांसलर पुरुषोत्तम दास पसारी उपस्थित थे। शो की कन्वीनर प्रोफेसर योगिता अग्रवाल रही।